# Rapid Fire करेंट अफेयर्स (14 February)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-february-14

- 13 फरवरी: **विश्व रेडियो दिवस** का आयोजन। इस वर्ष रेडियो दिवस की थीम **संवाद, सहिष्णुता औरशांति (Dialogue, Tolerance & Peace)** रखी गई है। आपको बता दें कि 20 अक्तूबर, 2010 को स्पेनिश रेडियो अकादमी के अनुरोध पर स्पेन ने संयुक्त राष्ट्र में रेडियो को समर्पित विश्व दिवस मनाने के लिये सदस्य देशों से अपील की। इसके बाद UNESCO ने पेरिस में आयोजित 36वीं आमसभा में 3 नवंबर, 2011 को प्रत्येक वर्ष 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस मनाने का एलान किया। उल्लेखनीय है कि 13 फरवरी को ही संयुक्त राष्ट्र के 'रेडियो UNO' की वर्षगाँठ भी होती है, क्योंकि 1946 में इसी दिन वहाँ रेडियो स्टेशन स्थापित हुआ था।
- भारत और मालदीव एक बार फिर **सरल वीज़ा प्रणाली** लागू करने पर सहमत हो गए हैं। इसके लिये दोनों देशों ने एक समझौते पर दस्तखत किये हैं, जो इसी वर्ष 11 मार्च से लागू होगा। यह समझौता मालदीव में इब्राहिम सोलेह के सत्ता में आने के बाद हुआ है। गौरतलब है कि पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन के कार्यकाल में मालदीव की चीन से निकटता काफी बढ़ गई थी और भारत के साथ संबंध पहले जैसे मधुर नहीं रह गए थे।
- हाल ही में जारी गृह मंत्रालय के आँकड़ों के अनुसार, 2013 से 2016 के बीच देश में **मानव तस्करी** के मामले बढ़कर दोगुने से अधिक हो गए हैं। 2013 में यह आँकड़ा 3940 था, जो 2014, 2015 और 2016 में बढ़कर क्रमशः 5235, 7143 और 8132 हो गया। इसमें पश्चिम बंगाल का योगदान लगभग एक-तिहाई है। इन चार वर्षों में कुल 24,450 मामले सामने आए, जिनमें से 8115 मामले पश्चिम बंगाल में देखने को मिले। इसके बाद राजस्थान का स्थान रहा।
- केंद्र सरकार ने **राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग** का कार्यकाल 31 मार्च, 2019 से आगे 3 साल और बढ़ाने की मंज़ूरी दे दी है। सरकार यह मानती है कि हाथ से सफाई करने की प्रथा का पूरी तरह से उन्मूलन होना चाहिये और इसके लिये इस पर लगातार निगरानी रखने की आवश्यकता है। सरकार ने सफाई कर्मचारियों के उत्थान के लिये अनेक कदम उठाए हैं, लेकिन उन्हें सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक रूप से जिस भेदभाव का सामना करना पड़ता है, उसकी समाप्ति अभी दिखाई नहीं दे रही है। इसीलिये इस आयोग का कार्यकाल तीन साल के लिये और बढ़ाया गया है।
- तमिलनाडु के कुन्नूर में **वायरल वैक्सीन** बनाने की नई इकाई की स्थापना की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस परियोजना के तहत कुन्नूर के पास्चर इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (PII) में वायरल वैक्सीन (TCA खसरा रोधी, जापानी इंसेफ्लाइटिस आदि) और एंटी सीरम (सर्प विष रोधी और एंटी रैबीज़ सीरम) का उत्पादन किया जाएगा। इससे बच्चों के लिये जीवन रक्षक टीकों के उत्पादन को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ देश में टीकाकरण सुरक्षा कायम होने, टीकाकरण पर लागत घटाने और आयात को घटाने में मदद मिलेगी। फिलहाल इन टीकों का आयात किया जाता है।
- आयुष मंत्रालय ने आयुर्वेद, सिद्ध, यूनानी और होम्योपैथी औषधियों की ऑनलाइन लाइसेंस प्रणाली के लिये **ई-औषधि** नामक पोर्टल की शुरुआत की है। इस पोर्टल का लक्ष्य पारदर्शिता बढ़ाना, सूचना प्रबंधन सुविधा में सुधार लाना, डेटा के इस्तेमाल में सुधार लाना और उत्तरदायित्व बढ़ाना है। यह पोर्टल लाइसेंस प्रदाता अधिकारी, निर्माताओं और उपभोक्ताओं के लिये मददगार होने के साथ-साथ लाइसेंसशुदा निर्माताओं तथा उनके उत्पादों, रद्द की गई और नकली औषधियों के बारे में जानकारी, शिकायतों के लिये संबंधित अधिकारी के संपर्क-सूत्र भी तत्काल उपलब्ध कराएगा।

- पर्यावरण, वन और **जलवायु परिवर्तन मंत्रालय** की एक नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार भारत ने कोपेनहेगन में घोषित 2020 के लक्ष्य को समय से पहले ही हासिल कर लिया है। 2004-14 के बीच देश में **कार्बन उत्सर्जन तीव्रता** में 21% की कमी आई है, जबकि लक्ष्य 2020 तक इसमें 20-25% कमी लाने का रखा गया था। ये आँकड़े 2014 तक के हैं। गौरतलब है कि UN Climate Change Framework के तहत सदस्य देशों को प्रत्येक दो वर्ष में एक बार अपने जलवायु लक्ष्यों को लेकर किये गए प्रयासों का ब्योरा देना होता है।
- अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिये पंजाब सरकार **धान की भूसी से बायो जेट फ्यूल** बनाने की योजना पर काम कर रही है। इसके लिये पंजाब सरकार और विरगो कॉर्पोरेशन के बीच समझौता हुआ है। 630 करोड़ रुपए की लगत वाली इस परियोजना के लिये तकनीक अमेरिकी कंपनी हनीवेल उपलध कराएगी। धान की भूसी से बायो जेट फ्यूल बनाने के लिये यह कंपनी रैपिड थर्मल प्रोसेसिंग प्लांट लगाएगी। गौरतलब है कि परीक्षणों के कई दौर के बाद देश में सैन्य विमानों में बायो जेट फ्यूल के इस्तेमाल को मंज़ूरी मिल चुकी है।
- गुजरात देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है जहाँ **शेर, बाघ और तेंदुए** के मौजूद होने की पुष्टि हो गई है। गुजरात के गिर में बड़ी संख्या में शेरों की मौजूदगी पहले ही से है और अन्य राज्यों की तरह तेंदुए भी पूरे प्रदेश में दिखाई देते हैं। अब राज्य के महिसागर ज़िले के संतरामपुर के जंगलों में बाघ की मौजूदगी की पुष्टि वन विभाग ने की है। माना जा रहा है कि यह बाघ लगभग 500 किमी. की यात्रा कर मध्य प्रदेश से यहाँ आया है।
- ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बालेश्वर ज़िले में 5000 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले **सुबर्णरेखा बंदरगाह** की आधारशिला रखी। सभी मौसमों में काम करने वाला वाणिज्यिक सुबर्णरेखा बंदरगाह का विकास संयुक्त रूप से टाटा स्टील और चेन्नई की क्रिएटिव पोर्ट प्राइवेट लि. कर रहे हैं। इसमें टाटा स्टील की 51% तथा क्रिएटिव पोर्ट प्राइवेट लि. की 49% हिस्सेदारी है। इस बंदरगाह से प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से 12 हज़ार लोगों को रोजगार मिलने के संभावना है।
- केंद्र सरकार ने दो साल के अंदर दूसरी बार रेलवे बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष **अश्विनी लोहानी** को एयर इंडिया का अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। एयर इंडिया में उनका पहला कार्यकाल अगस्त, 2015 से अगस्त, 2017 तक था। इंडियन रेलवे सर्विस ऑफ मेकेनिकल इंजीनियर्स के 1980 बैच के अधिकारी अश्विनी लोहानी अगस्त, 2017 में रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष नियुक्त किये गए थे और वह दिसंबर, 2018 में इस पद से रिटायर हुए थे। वह ITDC के अध्यक्ष और राष्ट्रीय राजधानी में रेल संग्रहालय के निदेशक भी रह चुके हैं।
- 100 वर्षों में पहली बार अफ्रीका में केन्या के जंगलों में **काला तेंदुआ (Black Leopard)** दिखाई दिया है। ब्रिटेन के वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर विल बुरार्ड लुकस ने इसे अपने कैमरे में कैद किया है। अभी तक माना जा रहा था कि यह प्रजाति लुप्त हो गई है। इसके लिये विल ने केन्या की लाइकिपिया (Laikipia) काउंटी में वायरलेस मोशन सेंसर, हाई क्वालिटी DSLR कैमरा और तीन फ्लैश लाइट्स की तैनाती की थी। आपको बता दें कि अफ्रीकी तेंदुओं के संरक्षण के लिये इसे संकटग्रस्त जीव माना गया है।
- अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने मंगल ग्रह पर भेजे गए **रोवर अपॉर्च्युनिटी** को 15 सालों की सेवा के बाद मृत घोषित कर दिया। गौरतलब है कि छह पहियों वाला यह रोवर 2004 में केवल 90 दिनों के लिये मंगल ग्रह पर भेजा गया था, लेकिन यह लंबे समय तक काम करता रहा। पिछले साल जून में आए रेतीले तूफान के चलते अपॉर्च्युनिटी की ट्रांसमिशन क्षमता कमज़ोर हो गई थी। सौर ऊर्जा से संचालित नासा का यह रोवर मंगल ग्रह पर सबसे अधिक समय तक चलने वाला रोवर था। **नासा** का अगला **मार्स रोवर मिशन 2020** में शुरू किया जाना है।